Marketing and Publicity Dept.,
Head Office, Lokmangal
1501, Shivaji Nagar, Pune 411 005
020- 25614324
cmmedia@mahabank.co.in

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' का आयोजन

पुणे, 30 अक्तूबर, 2019 : देश का एक प्रमुख बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र दिनांक 28 अक्तूबर से 2 नवंबर, 2019 तक अपने सभी कार्यालयों और शाखाओं में "ईमानदारी- एक जीवन शैली" थीम के साथ "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" मना रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मनाया जा रहा है।

इस समारोह का आरंभ बैंक के सभी कार्यपालकों, अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के साथ हुआ। कार्यपालक निदेशक श्री ए. सी. राउत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधान कार्यालय और सभी 32 अंचल कार्यालयों के कर्मचारियों को अंग्रेजी में और जिसके पश्चात बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री एल. एन. रथ ने राजभाषा में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलवाई। इस अवसर पर भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय उप राष्ट्रपति, राज्य मंत्री, पीएमओ और केंद्रीय सतर्कता आयोग से प्राप्त संदेश बैंक के सभी कर्मचारियों को पढ़कर सुनाए गए।

इस अवसर पर पुणे शहर, पुणे पश्चिम और पुणे पूर्व अंचल के साथ-साथ प्रधान कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से एक मोटर साइकिल रैली भी आयोजित की गई। कार्यपालक निदेशक श्री ए. सी. राउत और कार्यपालक निदेशक श्री हेमन्त टम्टा तथा सीवीओ श्री एल. एन. रथ ने बैंक के प्रधान कार्यालय में रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में 'ईमानदारी' के महत्व के बारे में जानकारी प्रदर्शित की गई। महाप्रबंधक और अंचल प्रबंधक, पुणे शहर अंचल श्री पी. आर. खटावकर, अंचल प्रबंधक, पुणे पश्चिम अंचल श्री पी. के. दाश और उप महाप्रबंधक, सतर्कता सुश्री मृदुल जोगलेकर ने भी मोटर साइकिल रैली में सहभाग लिया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान बैंक विभिन्न आउटरीच गतिविधियों यथा कार्यशाला, जागरुकता कार्यक्रम, कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताएं, रैलियां, होर्डिंग्स और बैनरों का प्रदर्शन, ग्राम सभा में जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में ईमानदारी - एक जीवन शैली की प्रचार गतिविधियां, कर्मचारियों और आम जनता द्वारा ई-प्रतिज्ञा सहभागिता के माध्यम से देश के हमारे सभी 32 अंचल कार्यालयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' समारोह के दौरान सभी शाखाएं 1 नवंबर, 2019 को आउटरीच गतिविधियों के एक भाग के रूप में 'ग्राहक बैठक' का आयोजन करेंगी।

'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का समापन समारोह दिनांक 02 नवंबर, 2019 को बैंक के प्रधान कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2019
Vigilance Awareness Week- 2019
ईमानदारी – एक जीवन शैली Integrity - A way of Life
Join the hands with Bank of Maharashtra and prosper with integrity